Need to provide rake point at Akbarpur Railway Junction in

Ambedkar Nagar Parliamentary Constituency

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): महोदय, अकबरपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 5 के किनारे मालगाड़ियों से माल उतारने की व्यवस्था पूर्व में थी । इस रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और विस्तार होने के कारण यह रैक पॉइंट समाप्त हो गया है, जिसकी वजह से अम्बेडकर नगर से रेलवे गाड़ी से माल लोड करने या उतारने की कोई सुविधा नहीं बची है । इसके कारण क्षेत्र के व्यवसायियों को भारी नुक़सान उठाना पड़ा है और किफ़ायती परिवहन नहीं उपलब्ध हो पा रहा है, जिससे आम जन को अपने माल का उचित दाम और बाज़ार भी नहीं मिल पा रहा है । अकबरपुर जंक्शन पर रेलवे रैक पॉइंट की उपलब्धता प्राप्त करने के लिए जनता आंदोलित और आक्रोशित है । मेरी माननीय रेल मंत्री से यह माँग है कि लोकसभा अम्बेडकर नगर के अन्तर्गत अकबरपुर में विस्तारित प्लेटफार्म नंबर 7 के बग़ल बची रेलवे की शेष ज़मीन पर रेलवे रैक पॉइंट की उपलब्धता करवाई जाए ताकि पुनः माल का यातायात अंबेडकर नगर ज़िले से सुनिश्चित हो ।